**लखनऊ।** प्राथमिक शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के बाद अब योगी आदित्यनाथ सरकार ने शिक्षकों के क्षमता-विकास और प्रशिक्षण प्रक्रिया में ऐतिहासिक सुधार की दिशा में कदम बढ़ाया है। राज्य के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को दी जाने वाली अकादमिक ट्रेनिंग को अधिक गुणवत्तापूर्ण, प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए 'उन्नति' व्यवस्था की शुरुआत की गई है। इस मॉडल के जरिए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रशिक्षण का वास्तविक लाभ सीधे कक्षाओं और बच्चों के सीखने के स्तर (Learning Outcomes) तक पहुंचे।

**कैस्केड लॉस पर लगेगा ब्रेक, मूल अवधारणाएं नहीं होंगी कमजोर**

प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सबसे बड़ी चुनौती यह रहती है कि राज्य स्तर से जिला और ब्लॉक स्तर तक पहुंचते-पहुंचते प्रशिक्षण का मुख्य संदेश और गुणवत्ता कमजोर पड़ जाती है, जिसे तकनीकी भाषा में 'कैस्केड लॉस' कहा जाता है। 'उन्नति' पोर्टल इस कैस्केड लॉस को न्यूनतम करने वाली एक अत्याधुनिक ऑनलाइन पर्यवेक्षण प्रणाली है। ऑनलाइन निगरानी के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विशेषज्ञ द्वारा तैयार की गई शिक्षण पद्धतियां, शैक्षणिक समझ और नवाचार अंतिम स्तर के शिक्षक तक बिना किसी बदलाव के अपनी मूल प्रभावशीलता के साथ पहुंचे।

**एफएलएन और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों पर विशेष जोर**

'उन्नति' के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता (FLN) तथा एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी उपयोग के लिए 5-दिवसीय गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान शिक्षकों को केवल किताबी ज्ञान देने के बजाय, कक्षा की व्यावहारिक जरूरतों के अनुरूप गतिविधियों, टीएलएम और बाल-केंद्रित प्रक्रियाओं से जोड़ा जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य भाषा और गणित की बुनियादी समझ को खेल-खेल में बच्चों तक पहुंचाने की क्षमता विकसित करना है।

**हाई-टेक्नोलॉजी से लैस होंगे ट्रेनिंग हॉलः लगेंगे वेबकैम और माइक**

प्रशिक्षण की लाइव मॉनिटरिंग के लिए राज्य परियोजना कार्यालय के अधिकारी और विषय-विशेषज्ञ सीधे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सत्रों में जुड़ेंगे। पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के हर ट्रेनिंग हॉल में हाई-रिजॉल्यूशन वेबकैम, साउंड सिस्टम/माइक्रोफोन तथा हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन अनिवार्य कर दिया गया है। इससे राज्य स्तर पर बैठे विशेषज्ञ सीधे शिक्षकों से संवाद कर सकेंगे और उनकी शंकाओं का मौके पर ही समाधान कर सकेंगे।

**हर बैच का बनेगा अलग डिजिटल लिंक, बीईओ करेंगे समन्वय**

प्रशिक्षण प्रणाली को अनुशासित और व्यवस्थित रखने के लिए प्रत्येक प्रशिक्षण बैच का एक पृथक ऑनलाइन लिंक तैयार किया जाएगा। यह लिंक संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी (ख्रश्वह्र) द्वारा प्रशिक्षण शुरू होने से ठीक दो दिन पूर्व जनरेट कर सभी संबंधित प्लेटफार्म्स पर साझा किया जाएगा। इससे प्रत्येक बैच की गतिविधियों की नियमित उपस्थिति, सत्र संचालन और समयबद्धता पर रियल-टाइम निगरानी रखी जा सकेगी। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने इस व्यवस्था पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि, 'योगी सरकार का प्राथमिक लक्ष्य शिक्षक प्रशिक्षण को एक औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रखकर उसकी गुणवत्ता का सीधा लाभ बच्चों के शिक्षण स्तर तक पहुंचाना है। 'उन्नति' के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी मजबूत होने से न केवल शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता बढ़ेगी, बल्कि यह प्रयास बेसिक शिक्षा के समग्र सुधार में मील का पत्थर साबित होगा।'

# शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे बेटे को पिता ने डांटा, चाकू से गर्दन पर किया वार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। उरगांव निवासी बाबूलाल का बेटा शिव कुमार शुक्रवार को शराब के नशे में घर पर गाली-गलौज कर रहा था।

**मोहनलालगंज।** सिसेंडी के उत्तरगांव में शुक्रवार को शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे बेटे को डांटना बुजुर्ग पिता को भारी पड़ गया। आरोप है कि नाराज बेटे ने चाकू से पिता की गर्दन पर वार कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। उत्तरगांव निवासी बाबूलाल का बेटा शिव कुमार शुक्रवार को शराब के नशे में घर पर गाली-गलौज कर रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक, शिव कुमार शराब पीने का आदी है और आए दिन नशे में हंगामा करता है। शुक्रवार को भी वह घर में गाली-गलौज कर रहा था। घर में मां, बेटी और बहू के सामने इस तरह गाली-गलौज करने पर बाबूलाल ने उसे डांटते हुए ऐसा करने से मना किया। आरोप है कि पिता की डांट से नाराज शिव कुमार ने चाकू उठाकर उनकी गर्दन पर वार कर दिया। चाकू लगते ही बाबूलाल लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। पिता को घायल देखकर छोटे बेटे अजीत ने आसपास के लोगों की मदद से उन्हें मोहनलालगंज के निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

### विभाजन की विभीषिका देख भावुक हुए लोग

**ललितपुर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार 14 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत कल्याण सिंह सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान देशवासियों द्वारा झेली गई पीड़ा, विस्थापन और हिंसा को डॉक्यूमेंट्री, अभिलेखीय प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। विभाजन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री देखकर सभागार में मौजूद लोग भावुक हो उठे और देश के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**कार्यालय- अधिशासी अभियन्ता (जोन-4) जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ।**

पत्रांक -92/L.J.S/E.E-4/2026-27 दिनांक-12/08/2026

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 19/08/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधिशासी अभियंता जोन -4 के कार्यालय के कैश काउंटर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाएं दिनाँक 19/08/2026 को अधिशासी अभियंता जोन -4 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेंडर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 19/08/26 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-4 के कार्यालय में खोली जायेगी। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

1- Repairing of 600 mm dia P.S.C Pipe rising line from infront of Jurakhan Purwa Tanki Gomti Nagar Vistar Zone-4. धरोधर धनराशि 2000.00 एवं निविदा मूल्य 100.00+18% G.S.T-118.00

2- Repairing of 600 mm dia P.S.C Pipe rising line from infront of Vistar City Hospital (Police Chowii) Gomti Nagar Vistar Zone-4, धर्णधर धनराशि 2000.00 एवं निविदा मूल्य 100.00+18% G.S.T-118.00

**अधिशासी अभियन्ता (जोन-4)**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**

# सुल्तानपुर में पुलिस और नशे के सौदागरों के बीच मुठभेड़, पांच तस्कर गिरफ्तार

## सहजनपुर अंडरपास के पास तस्करों ने पुलिस पर की फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल, ओडिशा से लाते थे खेप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







राज्य ब्यूरो - विपिन शुक्ला

**सुल्तानपुर।** जनपद के अखंडनगर थाना क्षेत्र में पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार तड़के पुलिस और शातिर तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में दो अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गए, जबकि उनके तीन अन्य साथियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। तस्करों के कब्जे से अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 5 करोड़ रुपये कीमत की 1.8 किलोग्राम अवैध मॉर्फिन, अवैध असलहे, कारतूस और तस्करी में इस्तेमाल होने वाली दो कारें (बलेनो और वरना) बरामद की गई हैं।

### मुखबिर की सूचना पर

### पुलिस ने की घेराबंदी

कादीपुर के क्षेत्राधिकारी (CO) विनय कुमार ने बताया कि अखंडनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ड्रग्स तस्करों का एक गिरोह भारी मात्रा में माल की डिलीवरी करने के लिए निकलने वाला है। इस इनपुट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सहजनपुर अंडरपास के पास सुबह करीब 4:30 बजे सघन चेकिंग और घेराबंदी शुरू की। इसी दौरान दो संदिग्ध कारें (बलेनो और वरना) आती दिखाई दीं।

### आत्मरक्षार्थ पुलिस ने चलाई गोली

क्षेत्राधिकारी के अनुसार, जब पुलिस टीम ने कारों को रोककर पूछताछ का प्रयास किया, तो तस्करों ने खुद को घिरा देख पुलिस पर जान से मारने की नीयत से सीधे फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले पर पुलिस टीम ने संयम बरतते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिनकी पहचान खुर्शीद आलम (निवासी जैतपुर, जनपद बलरामपुर) और प्रशांत सिंह (थाना बल्दीराय, जनपद सुल्तानपुर) के रूप में हुई है।

### ओडिशा से जुड़े हैं तस्करी के तार

मौके से पुलिस ने उनके तीन अन्य साथियों रोहित तिवारी, अंकुर प्रजापति और रामबाबू को भी दबोच लिया। तलाशी के दौरान दोनों गाड़ियों से 1 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पाउडर (मॉर्फिन) बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि वे इस खेप को ओडिशा से तस्करी कर लाए थे और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में गुप्त रास्तों से सप्लाई करने जा रहे थे।

### विधिक कार्रवाई जारी, घायलों का इलाज अस्पताल में

मुठभेड़ में घायल दोनों बदमाशों को पुलिस ने तुरंत इलाज के लिए अखंडनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। क्षेत्राधिकारी विनय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। पुलिस इस रैकेट के पूरे नेटवर्क और स्थानीय संपर्कों को खंगालने के लिए आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर निकली भव्य तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली

## महिला पुलिसकर्मियों ने बाइक रैली में लिया हिस्सा, करीब 300 पुलिसकर्मी शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की ओर से शुक्रवार को 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के तहत भव्य तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली निकाली गई। रिजर्व पुलिस लाइन से शुरू हुई यात्रा को पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रभक्ति के साथ महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा रिजर्व पुलिस लाइन से लाल इमली चौराहा, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नानाराव पार्क, वीआईपी रोड और जिलाधिकारी कार्यालय होते हुए सरसैया घाट चौराहा पहुंची। इसके बाद यात्रा वापस रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में कोतवाली थाना, महिला थाना, पुलिस लाइन सहित विभिन्न थानों की महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तथा मिशन शक्ति टीमों के करीब 300 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने तथा अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा, अपर पुलिस आयुक्त संकल्प शर्मा, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय दिनेश त्रिपाठी, अपर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय स्नेहा तिवारी, अपर पुलिस उपायुक्त योगेश कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त अर्चना सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूपनगर ज्योतिश्री, सहायक पुलिस आयुक्त सीसामऊ प्रगति यादव, सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज आकांक्षा पांडेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि वीर जवानों के बलिदान, देश की एकता-अखंडता और करोड़ों भारतीयों के गौरव का प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों से 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' में बढ़-चढ़कर भाग लेने और राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं सम्मान बनाए रखने की अपील की।

## तिरंगा रैली गांधी तिराहे से शास्त्री पार्क तक गूंजे भारत माता के जयकारे

**उन्नाव।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गांधी तिराहे से शास्त्री पार्क तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह और सदर विधायक पंकज गुप्ता की गरिमामयी मौजूदगी में आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् सहित देशभक्ति के नारों और राष्ट्रगीतों से पूरा शहर गूंज उठा। हाथों में तिरंगा लेकर निकले जनसमूह में खासा उत्साह नजर आया। यात्रा में एनसीसी, स्काउट-गाइड, पीआरडी जवानों के साथ बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रैली का विधिवत शुभारंभ गांधी तिराहे से जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह एवं सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया। इसके बाद तिरंगा यात्रा शास्त्री पार्क की ओर रवाना हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं भी यात्रा में शामिल हुए। भव्य तिरंगा यात्रा ने शहर में राष्ट्रभक्ति और एकता का माहौल बना दिया। बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी ने हर घर तिरंगा अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

## आई जी आर एस में लापरवाही पर डीएम का बड़ा एक्शन, 22 अधिकारियों का वेतन रोका

**उन्नाव।** शासन की प्राथमिकता वाली समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आई जी आर एस में लापरवाही बरतना उन्नाव के 22 अधिकारियों को भारी पड़ गया। शिकायतों का समयबद्ध एवं संतुष्टिपरक निस्तारण न किए जाने पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण तलब किया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जब तक संबंधित विभाग आई जी आर एस की स्थिति में सुधार नहीं करते, तब तक अधिकारियों का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा। समीक्षा के दौरान 20 प्रतिशत से अधिक शिकायतकर्ता असंतुष्ट पाए गए, जिसे डीएम ने गंभीर लापरवाही मानते हुए कड़ी नाराजगी जताई। कार्रवाई की जद में विद्युत विभाग, समाज कल्याण, लोक निर्माण विभाग, महिला कल्याण, पशुपालन, जिला पंचायत, माध्यमिक शिक्षा, पंचायती राज, बैंकिंग, परिवहन, बाल विकास पुष्टाहार, खाद्य एवं रसद, होमगार्ड, रोडवेज, खेलकूद, वाणिज्य कर, आवास एवं विकास परिषद, मंडी परिषद, स्वास्थ्य, ग्रामीण सड़क योजना और मनरेगा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हैं। डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता से संवाद कर उसकी संतुष्टि सुनिश्चित करना जरूरी है। असंतुष्टि का बढ़ता प्रतिशत यह दर्शाता है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं से प्रभावी जनसंवाद एवं संतुष्टिपरक निस्तारण का पर्याप्त प्रयास नहीं किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर यह स्पष्ट करें कि किन परिस्थितियों में शिकायतकर्ताओं से संवाद करते हुए संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित नहीं किया गया।

# स्वच्छता अभियान में छात्र-छात्राओं ने दिया स्वस्थ वातावरण का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** शिक्षा महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित के निर्देशन में शुक्रवार को एसआरपी इंटर कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विद्यालय परिसर, प्रयोगशालाओं सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं उपयोगी स्थलों की साफ-सफाई कर उन्हें व्यवस्थित किया गया। शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने अभियान में सहभागिता करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों से कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और विद्यालय परिसर को साफ रखने की अपील की गई। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि स्वच्छ वातावरण का विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और पढ़ाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अभियान के दौरान सभी ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रधानाचार्य आशीष पोरवाल, पीटी अध्यापक जितेंद्र वर्मा, अतुल कुमार, नंदन कुमार, अविनीश लोहिया, अनुपम शर्मा, शैलेंद्र मोहन बसेडिया, नरेंद्र परिहार सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# छात्र छात्राओं ने हर घर तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय यात्रा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हर घर तिरंगा एवं आनंदी मां एक जीवन बचाओ एवं कैंसर मुक्त भारत यात्रा अभियान के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आमजन में लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति व्यक्तिगत जुड़ाव को बढ़ावा देना। महिला स्वास्थ्य संबंधित प्रचार प्रसार हेतु महाविद्यालय के के छात्र–छात्राओं को डॉ. सबीहा नाज द्वारा महिला स्वास्थ्य संबंधी शपथ दिलाई गयी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. प्रेम यादव रोवर्स एवं रेंजर्स प्रभारी डॉ. राम नरेश यादव एवं डॉ. नीलम यादव, डॉ. मधु तिवारी, डॉ. दीपक वर्मा समेत महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। तत्पश्चात गृह विज्ञान प्रभारी डॉ0 पल्लवी मिश्रा द्वारा महाविद्यालय की बीएससी की छात्राओं के समक्ष 'महिला स्वास्थ्य एवं पोषण' विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर संबंधित टीकाकरण की विस्तृत जानकारी छात्राओं से साझा की। सभी कार्यक्रमों में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार यादव जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## नवाबगंज में गूंजा तिरंगा, देशभक्ति के नारों से सराबोर हुआ सोहरामऊ

**नवाबगंज, उन्नाव।** क्षेत्र के रसूलपुर गांव स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज एवं आरके इंफ्रास्टेट, सोहरामऊ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ संभ्रांत नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।तिरंगा यात्रा का शुभारंभ विद्यालय परिसर में शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्मृतिशेष रघुराज सिंह सेंगर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया गया। भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक रमाकांत दीक्षित, प्रधानाचार्य अवधेश कुमार सिंह, आरके इंफ्रास्टेट के एमडी सुधांशु शेखर सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। यात्रा विद्यालय परिसर से शुरू होकर राजमार्ग स्थित रसूलपुर, आशाखेड़ा होते हुए सोहरामऊ कस्बे पहुंची।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स–रेंजर्स,भातखंडे एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला के नेतृत्व में जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर से पिरल्लीपुर के लिए रवाना हुई। रैली में छात्र–छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा आमजन को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर 'वंदे मातरम्', 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' आदि देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन किया गया। डॉ दीप नारायण ने अपने ओजपूर्ण देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति से आम जनमानस को रोमांचित एवं भावविभोर कर दिया, उनके गीतों से रैली में उत्साह और देशभक्ति का वातावरण और अधिक प्रभावशाली हो गया। इस दौरान 'हर घर तिरंगा—हर दिल तिरंगा', 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' आदि देशभक्ति नारों से वातावरण गूंज उठा। रैली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता,अखंडता एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश आमजन तक पहुंचाया गया रैली के संयोजक डॉ दीप नारायण एवं डॉ दीपक कुमार सिंह रहे। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान नागरिकों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान तथा देश के प्रति गौरव की भावना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। रैली में डॉ चंदन शाहू ,प्रोफेसर कुसुमलता,डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी,डॉ सत्येंद्र कुमार,डॉ संकटा प्रसाद सोनकर,डॉ अरविंद कुमार,डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ नलिनी सिंह,डॉ स्मिता, डॉ गुरु प्रसाद सिंह,डॉ चन्दन कुमार द्विवेदी,डॉ शिखा तिवारी,डॉ विद्या सिंह, डॉ मंजुला शुक्ला , डॉ अमित यादव,डॉ शैलेंद्र कुमार,धर्म चंद सहित कर्मचारीगण, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक,रोवर्स–रेंजर्स, मिशन शक्ति के सदस्य एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

# पुलिस ने शांति भंग में छह महिला समेत सात को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात




**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक क्षेत्र में पुलिस ने शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के छह महिला समेत कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक पुलिस ने धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनमें 01 पुरुष और 06 महिलाएं शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दिनेश चौहान (30) निवासी असुरैना टोला मल्लूडीह तथा महिलाओं में रूपा (35), आशा (28), पुष्पा (30), श्रीकला (26), कौशल्या (45) और अनारी (45) निवासीगण विशुनपुरा के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आवश्यक अग्रिम विधिक प्रक्रिया पूरी कर ली है, जिसके बाद सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि सात लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया है।

# विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

## सफाई के दौरान प्राचीन शिव मंदिर की भी की साफ-सफाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरी में स्थित कम्पोजिट विद्यालय के छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास के प्रति अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया, जिसके तहत पूरे विद्यालय परिसर के साथ–साथ बगल में स्थित ऐतिहासिक व प्राचीन शिव मंदिर की भी सघन साफ–सफाई की। प्रधानाध्यापक शेर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष प्रेरणादायक अभियान में न केवल विद्यालय के बच्चों बल्कि समस्त शिक्षक स्टाफ ने भी पूरे उत्साह के साथ बढ़–चढ़कर श्रमदान किया, जिसके बाद परिसर की सूरत बदली हुई नजर आई। इस दौरान आयोजित एक विशेष सभा में सभी छात्र–छात्राओं और उपस्थित लोगों को अपने दैनिक जीवन, परिवार और आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने तथा प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने के प्रति निष्ठापूर्वक काम करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सहायक अध्यापक अमित कुमार, सुधीर पटेल सहित विद्यालय के छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# बिराहिमपुर में प्रधान पर गबन से लेकर हत्या की धमकी तक के आरोप!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**मलिहाबाद/लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर बस्ती में ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक प्रार्थना पत्र सामने आया है। प्रार्थना पत्र में मृतक पिता के नाम पर शासन से मिली आर्थिक सहायता की रकम में कथित हेराफेरी, जमीन को लेकर विवाद, नाबालिग भाइयों के साथ कथित उत्पीड़न, घर के निर्माण में बाधा डालने तथा हथियारबंद लोगों के साथ मिलकर जान से मारने का प्रयास करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित पक्ष ने मामले में उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, शिकायतकर्ता धर्म और राजवीर (नाबालिग), पुत्र स्वर्गीय लल्लू, निवासी ग्राम रामपुर बस्ती, थाना मलिहाबाद, जिला लखनऊ हैं। शिकायतकर्ता ने स्वयं को अनुसूचित जाति के पासी समाज से संबंधित बताते हुए कहा है कि उनके पिता लल्लू की वर्ष 2021 में नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। पिता की आकस्मिक मृत्यु के बाद शासन की ओर से परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वर्तमान ग्राम प्रधान रामशंकर कश्यप पुत्र राम औतार, निवासी ग्राम रामपुर बस्ती, उनके पास बैंक से संबंधित बुक और अन्य कागजात लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा परिवार से 20 हजार रुपये की मांग की गई और रुपये न देने पर कथित रूप से जातिसूचक गालियां दी गई तथा दबाव बनाया गया। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि परिवार को शासन से मिली करीब 1.25 लाख रुपये की सहायता राशि में से 16 हजार रुपये कथित रूप से हड़प लिए गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके माता–पिता नहीं हैं और परिवार अनुसूचित जाति से होने के कारण मेहनत–मजदूरी कर अपना जीवनयापन करता है। ऐसे में सरकारी सहायता की रकम उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। शिकायत में एक अन्य गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि करीब दो माह पूर्व ग्राम प्रधान ने शिकायतकर्ता के बड़े भाई करन को बहला–फुसलाकर तथा कथित रूप से शराब पिलाकर उसके हिस्से की जमीन का सौदा करा दिया। आरोप है कि जमीन का विक्रय बिना उचित भुगतान किए कराया गया और बिक्री की पूरी रकम कथित रूप से हड़प ली गई। पीड़ित पक्ष के अनुसार, इस मामले को लेकर उसके भाई की ओर से न्यायालय में आपत्ति भी दाखिल की गई है। इसी जमीन विवाद के बाद से ग्राम प्रधान और शिकायतकर्ता परिवार के बीच तनाव और बढ़ने का दावा प्रार्थना पत्र में किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि वह अपने रहने के लिए मकान का निर्माण करा रहा है, लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा निर्माण कार्य में लगातार हस्तक्षेप किया जा रहा है। आरोप है कि पीड़ित को अपने भाई की जमीन से बचाने के नाम पर दूसरे स्थान पर मकान बनाने की बात कही गई, लेकिन वहां भी निर्माण कार्य में कथित रूप से बाधा उत्पन्न की जा रही है। पीड़ित पक्ष का दावा है कि ग्राम प्रधान द्वारा उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है और लगातार दबाव बनाया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में सबसे गंभीर आरोप 9 अगस्त 2026 की घटना को लेकर लगाया गया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, ग्राम प्रधान अपने करीब 10–12 अज्ञात लोगों के साथ हथियारों से लैस होकर उनके पास पहुंचे। आरोप है कि सभी लोग एक वाहन में सवार

## संक्षिप्त खबरें

### अब बच्चों के साथ बैठकर मिड-डे मील खाएंगे अधिकारी, रोजाना होगी स्कूलों की जांच; आदेश जारी

**महराजगंज।** मध्यान्ह भोजन योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को निर्धारित मानक एवं मेन्यू के अनुसार गर्म और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की अब और सख्ती से निगरानी होगी। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय टास्कफोर्स के सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने और विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण करने का निर्देश दिया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। शासन के निर्देशानुसार जिले के 1710 परिषदीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना के पर्यवेक्षण के लिए जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय टास्कफोर्स गठित है, जो अबतक माह भर में कुल पांच निरीक्षण ही करती रहीं हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है, कि टास्कफोर्स के सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए बच्चों के साथ बैठकर भोजन करेंगे।

### अब बच्चों के साथ बैठकर मिड-डे मील खाएंगे अधिकारी, रोजाना होगी स्कूलों की जांच; आदेश जारी

**महराजगंज।** मध्यान्ह भोजन योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को निर्धारित मानक एवं मेन्यू के अनुसार गर्म और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की अब और सख्ती से निगरानी होगी। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय टास्कफोर्स के सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने और विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण करने का निर्देश दिया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। शासन के निर्देशानुसार जिले के 1710 परिषदीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना के पर्यवेक्षण के लिए जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय टास्कफोर्स गठित है, जो अबतक माह भर में कुल पांच निरीक्षण ही करती रहीं हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है, कि टास्कफोर्स के सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए बच्चों के साथ बैठकर भोजन करेंगे।

### आजमगढ़ में पुलिस मुठभेड़ में दो चोर गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल



**आजमगढ़।** तरवां थाना क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस और अंतर्जनपदीय टप्पेबाज/चोरों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसके एक साथी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, मुठभेड़ के दौरान फरार हुए तीसरे आरोपित को पकड़ने के लिए की गई घेराबंदी के दौरान मेंहनगर पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें वह पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसमें गाजीपुर के भांवरकोल थाना क्षेत्र के सुखदेहरा निवासी 25 वर्षीय मुकेश यादव पुत्र अनिल यादव पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे पुलिस ने घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। उसका साथी कुसनपुरा निवासी कमलेश पुत्र स्व. फतीगन भी मौके से पकड़ा गया, जबकि अंधेरे का लाभ उठाकर उनका एक साथी विकास यादव फरार हो गया। फरार विकास यादव की गिरफ्तारी के लिए आसपास के थानों को सतर्क किया गया। इसी क्रम में मेहनगर थाना क्षेत्र के कटहन नहर पुलिया के पास पुलिस ने घेराबंदी की। यहां हुई मुठभेड़ में गाजीपुर निवासी 22 वर्षीय विकास यादव पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घायल दोनों अभियुक्तों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर खजनी में तैयारियां पूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर तहसील क्षेत्र खजनी में सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न गतिविधियों को लेकर प्रशासन ने सभी विभागों एवं संस्थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। तहसील प्रशासन की निगरानी में साफ-सफाई, सजावट, मंच, ध्वनि और सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। तहसील मुख्यालय परिसर में उप जिलाधिकारी खजनी के निर्देश पर सुबह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके लिए परिसर की सफाई के साथ मंच, ध्वनि व्यवस्था और सुरक्षा के इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। वहीं विकास खंड कार्यालय सहित सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत अधिकारियों की देखरेख में ध्वजारोहण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पंचायत भवनों और सार्वजनिक परिसरों की सफाई कर तिरंगे से सजावट की जा रही है।

खजनी तहसील क्षेत्र के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और माध्यमिक विद्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। विद्यालयों में प्रभात फेरी, देशभक्ति गीत, भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। खजनी थाना सहित पुलिस-प्रशासन से जुड़े कार्यालयों में भी साफ-सफाई और सजावट का कार्य तेजी से पूरा कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी खजनी, बिजली, सिंचाई, कृषि, डाकघर सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में कार्यालय प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।



वहीं निजी स्कूल-कॉलेज और अन्य गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति भाषण और ध्वजारोहण के आयोजन होंगे। व्यापार मंडल की ओर से बाजारों, प्रमुख चौराहों और दुकानों को तिरंगे तथा आकर्षक लाइटों से सजाने की तैयारी की गई है। स्वतंत्रता दिवस को लेकर पूरे खजनी क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल दिखाई देने लगा है। प्रशासन ने सभी संस्थानों से कार्यक्रमों को गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

### देवरिया के टीकमपार ताल में मिला मजदूर का शव, दो दिन से था लापता

**भाटपाररानी, (देवरिया)।** खड़ेसर गांव के रहने वाले 28 वर्षीय मजदूर मृत्युंजय खरवार का शव शुक्रवार सुबह टीकमपार ताल में मिलने से सनसनी फैल गई। वह दो दिन से लापता था। ताल में शव मिलने की सूचना पर स्वजन में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों की जांच की जा रही है। मृत्युंजय मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। स्वजन के मुताबिक, बुधवार को वह टीकमपार में मजदूरी करने गया था। काम समाप्त होने के बाद वह घर नहीं लौटा। देर शाम तक उसके घर नहीं पहुंचने पर स्वजन ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पता नहीं चलने पर पत्नी गुड़िया देवी थाने पहुंची और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मृत्युंजय का फोटो लाने को कहा था। शुक्रवार सुबह गुड़िया फोटो लेकर थाने जाने की तैयारी कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि टीकमपार ताल में एक युवक का शव मिला है। स्वजन मौके पर पहुंचे तो शव की पहचान मृत्युंजय के रूप में हुई। शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मृत्युंजय की पत्नी गुड़िया देवी के अलावा दो बेटियां ज्योति (10) और सृष्टि (7) हैं। उसके पिता दर्शन खरवार का पहले ही निधन हो चुका है। पुलिस ने शव विधिक कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

# बादलों की आवाजाही, जारी रहेगा वर्षा का सिलसिला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** वायुमंडलीय परिस्थितियां वर्षा के अनुकूल हो गई हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बादलों ने डेरा जमा लिया है और गुरुवार से वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया। मौसम विज्ञानी कैलाश पांडेय ने 17 से 19 अगस्त के बीच मध्यम से भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। इससे तापमान में गिरावट आने के साथ उमस से परेशान लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि कुछ स्थानों पर उमस बनी रह सकती है, लेकिन यह स्थायी नहीं होगी। मौसम विभाग के पैमाने पर गुरुवार को गोरखपुर में 26 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। मौसम विज्ञानी के अनुसार बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न वायुदाब क्षेत्र धीरे-धीरे झारखंड होते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। इसके अगले दो दिनों में गोरखपुर पहुंचने की संभावना है। इसके साथ ही एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो रहा है, जिसका प्रभाव भी दो दिन में दिखाई देने लगेगा। यही मौसमी परिस्थितियां 17 से 19 अगस्त के बीच मध्यम से भारी वर्षा का कारण बनेंगी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को हुई वर्षा के पीछे मध्य प्रदेश के ऊपर बना निम्न वायुदाब क्षेत्र और पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपरी वायुमंडल में बना चक्रवाती हवा का क्षेत्र प्रमुख कारण रहे।

इन्हीं कारणों से अगले दो दिनों में भी कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिनों में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे आने की संभावना है। मौसम विज्ञानी ने बताया कि 13 अगस्त तक गोरखपुर में 71 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। अगस्त में सामान्य वर्षा का आंकड़ा 330 मिलीमीटर है। आगामी दिनों में होने वाली वर्षा से इसके सामान्य आंकड़े के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

## पदोन्नति पाए तहसीलदारों ने डीएम से की शिष्टाचार मुलाकात



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** शासन द्वारा नायब तहसीलदार पद से तहसीलदार पद पर पदोन्नति पाए गोरखपुर के अधिकारियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा से शिष्टाचार मुलाकात की। नव पदोन्नत तहसीलदारों ने डीएम से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए मार्गदर्शन भी लिया। इस दौरान पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में देवेंद्र यादव, विजय यादव, अरविंद नाथ पांडेय, दुर्गेश कुमार चौरसिया, संजय सिंह, घनश्याम शुक्ला, हरीश यादव, जीवेंद्र त्रिपाठी और राकेश शुक्ला प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी अधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी पदोन्नति की जानकारी साझा की और नई जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

शासन की ओर से हुई इस पदोन्नति के बाद गोरखपुर में लंबे समय से नायब तहसीलदार के रूप में कार्य कर रहे अधिकारियों को अब तहसीलदार के रूप में जिम्मेदारी मिलेगी। इनमें चार अधिकारी सदर तहसील में नायब तहसीलदार के पद पर तैनात थे, जिन्हें अब तहसीलदार पद पर पदोन्नति मिली है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने पदोन्नति पाने वाले सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे राजस्व कार्यों को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ संपादित करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि तहसीलदार के रूप में अधिकारियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। पदोन्नति पाए अधिकारियों ने भी जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि वे शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व कार्यों का प्रभावी ढंग से संचालन करेंगे और आम जनता को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

**नायब तहसीलदार से तहसीलदार बने अधिकारियों ने लिया डीएम का आशीर्वाद, चार अधिकारी सदर तहसील से**

### दिव्यांगजनों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, शहीद झूरी सिंह को किया नमन

**भदोही।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को दिव्यांगजनों ने देशभक्ति के जज्बे के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। हाथों में तिरंगा लेकर निकली यात्रा में देश के प्रति श्रद्धा और शहीदों के सम्मान का भाव नजर आया। तिरंगा यात्रा मथतू तिराहा से शुरू होकर अमर शहीद झूरी सिंह स्मारक स्थल परऊपुर पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल दिव्यांगजनों ने भारत माता के जयकारे लगाए और अमर शहीद झूरी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर शहीद झूरी सिंह के प्रपौत्र डॉ. रामेश्वर सिंह ने दिव्यांगजनों के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि शहीदों के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों ने जिस उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा निकाली, वह सराहनीय है। इस दौरान शिवकुमार सिंह, बाबू, सलाम अंसारी, रविंद्र पाल, महेश कुमार, नीरज कनौजिया, प्रदीप कनौजिया, जितेंद्र कुमार, सूबेदार पाल, महावीर, धर्मेंद्र, दीनानाथ, दिनेश सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद रहे।

# काटकर लिनेन बेचेगा रेलवे, अब चादर से नहीं बन सकेगा कुर्ता-पायजामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



तस्वीर का इस्तेमाल प्रतीकात्मक प्रस्तुतीकरण के लिए किया गया है।

**गोरखपुर।** कुछ दिन पहले इंटरनेट मीडिया पर कुर्ता पहने किसी व्यक्ति का वीडियो प्रसारित हो गया था। कुर्ता पर रेलवे का लोगो साफ दिख रहा था। वीडियो कई दिनों तक चर्चा में रहा। लोग रेलवे को लेकर तरह-तरह के कमेंट भी करते रहे। इसे लेकर रेलवे की बदनामी हो रही थी और व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे थे। ऐसी कोई तस्वीर या वीडियो रेलवे की छवि पर बट्टा न लगाए, इसके लिए रेल प्रशासन ने संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इसके तहत अब रेलवे प्रशासन चलन से बाहर लिनेन को काटकर बिक्री के लिए बोली आमंत्रित करेगा, ताकि बिकने के बाद कोई चादर का उपयोग पहनने के लिए वस्त्र सिलवाने में न कर सके। रेलवे प्रशासन समय-समय पर कंडम लिनेन की बोली लगाकर बेचता है। लोग बिक्री किए गए लाट से बेडशीट आदि निकालकर उसका उपयोग वस्त्र बनवाकर पहनने में न कर सकें, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने बेडशीट आदि को दो तिहाई काटकर बेचने का निर्णय लिया है।

इस तरह रेलवे प्रशासन ने बिक्री की गई लिनेन के वस्त्र के रूप में उपयोग पर रोक लगाने की कवायद की है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताते हैं कि यह रेलवे बोर्ड की गाइडलाइन है। इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। हालांकि, वातानुकूलित कोचों से गायब होने वाले बेडरोल का दुरुपयोग रोकना अब भी बड़ी चुनौती है। जबकि, पिछले दिनों इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित रेलवे के लिनेन से बने वस्त्र पहने व्यक्ति के वीडियो में इसे चोरी की चादर से निर्मित बताया गया था। गोरखपुर लाउंड्री से प्रतिदिन करीब 24 हजार बेडरोल के पैकेट तैयार होते हैं, जिन्हें यहां से बनकर चलने वाली 32 ट्रेनों के एसी कोचों के यात्रियों को उपलब्ध कराया जाता है।

**संसद तक में उठ चुका है लिनेन चोरी का मामला**

ट्रेनों के एसी कोचों से चोरी होने वाले लिनेन का मामला संसद तक में उठ चुका है। इसके बाद रेलवे बोर्ड ने सभी मंडलों से हिसाब मांगा था। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने जो रेलवे बोर्ड को आंकड़ा भेजा वह चौंकाने वाला था। गोरखपुर और ऐशबाग स्थित मैकेनाइज्ड लाउंड्री में पांच साल में लगभग 3 करोड़ 73 हजार रुपये के लिनेन (बेडरोल- बेडशीट, तौलिया, पिलो कवर और कंबल आदि) गायब हो चुके हैं। सिर्फ गोरखपुर लाउंड्री से ही छह माह में 15.40 लाख कीमत के 15,871 लिनेन गायब हो चुके हैं।

**बेडरोल की उम्र है निर्धारित**

रेलवे ने बेडरोल की उम्र भी निर्धारित की है। एक बेडशीट एक साल, कंबल दो साल तथा तौलिया और पिलो कवर आदि नौ-नौ माह चलते हैं। इसके बाद इन्हें कंडम घोषित कर दिया जाता है। स्टोर डिपो के माध्यम से बड़े पैमाने पर कंडम लिनेन की नीलामी की जाती है।

# शत्रु संपत्तियों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 21 एकड़ भूमि होगी कब्जामुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखपुर में शत्रु संपत्तियों को कब्जामुक्त कराने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर सर्वे कराने के साथ ही पुराने रिकार्ड और पूर्व में हुई कार्रवाई का विवरण जुटाना शुरू कर दिया है। गृह मंत्रालय के सात अगस्त के निर्देश के बाद जिले में चिह्नित 45 शत्रु संपत्तियों की वर्तमान स्थिति का सत्यापन कराया जा रहा है। केंद्र ने राज्यों को अवैध कब्जे वाली शत्रु संपत्तियों को खाली कराने के लिए 15 दिन की समयसीमा दी है। इनमें छह दिन बीत चुके हैं। प्रशासनिक रिकार्ड के अनुसार जिले में 45 शत्रु संपत्तियां चिह्नित हैं। इनका कुल क्षेत्रफल 21.96 एकड़ है। इनमें आवासीय व व्यावसायिक भवन के साथ खाली जमीन भी शामिल है। महानगर के घासीकटरा, इलाहीबाग, निजामपुर, मोहद्दीपुर के अलावा सदर तहसील का नयागांव, तुर्कवलिया, पिपराइच, करमहां बुजुर्ग, बांसगांव और चौरीचौरा तहसील क्षेत्र में ये संपत्तियां हैं।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार भटहट क्षेत्र के करमहा बुजुर्ग की सात शत्रु संपत्ति को लेकर मामला हाई कोर्ट में चल रहा है। महानगर और सदर तहसील क्षेत्र में



18 संपत्तियों के खाली होने और वहां पिलर लगाने के साथ ही प्रशासन का बोर्ड लगा दिए जाने का भी दावा किया जा रहा है। चौरीचौरा में एकड़ आठ एकड़ शत्रु संपत्ति है, जिसका सत्यापन चल रहा है। एक संपत्ति बांसगांव की है। राजस्व परिषद के निर्देश पर वर्ष 2022 में इन संपत्तियों पर काबिज लोगों को नोटिस जारी किए गए थे। साथ ही संपत्तियों का नए सिरे से सर्वे कर कब्जे की स्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

खाली जमीन को कब्जामुक्त कर लेने और पक्के निर्माण वाली संपत्तियों में शासन के निर्देश के अनुसार कार्रवाई की व्यवस्था तय की गई थी। अब नए निर्देश के बाद प्रशासन 2022 से संबंधित नोटिस, कब्जे की स्थिति और अब तक हुई कार्रवाई का रिकार्ड एकत्र कर रहा है। संपत्ति-वार अभिलेखों का मिलान कर यह तय किया जा रहा है कि कौन सी संपत्ति अभी कब्जे में है, किन मामलों में नोटिस की कार्रवाई हुई और किन प्रकरणों में न्यायालयी विवाद अथवा अन्य कानूनी अड़चन के कारण कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। प्रशासन की ओर से पुराने मामलों को नए सिरे से कार्रवाई के दायरे में लाने की तैयारी है। इससे वर्षों से लंबित शत्रु संपत्तियों के मामलों में अब संपत्ति-वार स्थिति स्पष्ट होने और नियमानुसार कब्जामुक्ति की कार्रवाई आगे बढ़ने की उम्मीद है। केंद्र की 15 दिन की समयसीमा के तहत संबंधित अभिलेखों और कार्रवाई की प्रगति को प्राथमिकता के आधार पर अपडेट किया जा रहा है।

**गोरखपुर प्रशासन 45 शत्रु संपत्तियों को कब्जामुक्त कराने के लिए नए सिरे से सर्वे और पुराने रिकॉर्ड खंगाल रहा है।**

## गोरखपुर गोला में प्रधान-प्रतिनिधि पर हमला, चार के खिलाफ मुकदमा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के बैकुण्ठपुर ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही चार लोगों पर लाठी-डंडे से हमला करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर गोला पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, सुनील यादव बीते शुक्रवार को गेनुआडीह चौराहे पर पंचायत की ओर से कराए गए विकास कार्यों को अधिकारियों को दिखा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के अमित यादव उर्फ बादल पुत्र अनिरुद्ध यादव, अंगद यादव पुत्र हरिश्चंद्र यादव, सर्वजीत यादव पुत्र स्व. वंशराज यादव तथा अनिरुद्ध यादव पुत्र हरिश्चंद्र यादव वहां पहुंच गए। पीड़ित का आरोप है कि चारों पहले से घात लगाकर बैठे थे और मौका मिलते ही एक साथ लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

अचानक हुए हमले में सुनील यादव को शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। उन्होंने तहरीर में बताया कि मारपीट के दौरान उनके बाएं हाथ की कनिष्ठा उंगली भी टूट गई। घटना के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाए जाने की बात भी तहरीर में कही गई है। पीड़ित का आरोप है कि वीडियो सामने आने के बाद आरोपित पक्ष लगातार गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। सुनील यादव ने आरोपितों को दबंग किस्म का बताते हुए पुलिस से मामले में कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। घटना को लेकर गांव में भी चर्चा का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक सीपी पाण्डेय के निर्देश पर गोला पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 117(2), 352 और 351(3) के तहत चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सेमराध घाट पर निकली तिरंगा यात्रा, गंगा स्वच्छता का दिया संदेश

**भदोही।** 'हर घर तिरंगा, हर घाट तिरंगा अभियान-2026' के तहत जिला गंगा समिति की ओर से शुक्रवार को सेमराध घाट पर तिरंगा यात्रा, गंगा स्वच्छता अभियान एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत करने के साथ गंगा एवं उसके घाटों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक करना रहा। श्री बृजभूषण सिंह सर्वोदय इंटर कॉलेज के 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक तिरंगा यात्रा में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा निकाली और गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण का संदेश दिया।तिरंगा यात्रा के बाद विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेमराध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। घाट परिसर की साफ-सफाई कर लोगों से गंगा में कूड़ा-कचरा न डालने तथा घाटों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत 'वंदे मातरम्' का गान किया। कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी विवेक यादव, डीसी पंचायत गौरव कुमार, डीपीओ नमामि गंगे मनीष शर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, वन दरोगा, बीट प्रभारी, पंचायत सचिव संदीप सिंह सहित पंचायत राज विभाग के कर्मचारी एवं रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# गोरखपुर म्युनिसिपल बांड लिस्टिंग की तैयारी, सीएम योगी करेंगे उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** नगर निगम के म्युनिसिपल बांड को स्टाक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध कराने की प्रक्रिया अब अगले महत्वपूर्ण चरण की ओर बढ़ रही है। बांड की लिस्टिंग के अवसर पर स्टाक एक्सचेंज में होने वाले औपचारिक 'बेल रिंगिंग' कार्यक्रम की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। संभावना है कि सितंबर-अक्टूबर में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर घंटी बजाकर बांड की लिस्टिंग की औपचारिक शुरुआत करें। हालांकि कार्यक्रम की तिथि और स्थान अभी तय नहीं हुआ है। म्युनिसिपल बांड के स्टाक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होने के अवसर पर घंटी बजाने की



परंपरा महत्वपूर्ण मानी जाती है। यह औपचारिक आयोजन इस बात का प्रतीक होता है कि नगर निगम की ओर से जारी बांड अब शेयर बाजार के मंच पर निवेशकों के लिए उपलब्ध है।

सामान्य तौर पर स्टाक एक्सचेंज में किसी महत्वपूर्ण लिस्टिंग के अवसर पर मुख्य अतिथि या कंपनी अथवा संस्था के प्रतिनिधि घंटी बजाते हैं। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, गोरखपुर के साथ मुरादाबाद नगर निगम के म्युनिसिपल बांड को भी स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया जाना है। दोनों नगर निकायों की बांड प्रक्रिया को लेकर संबंधित स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। कार्यक्रम गोरखपुर में ही आयोजित किए जाने की संभावना है। बांड जारी करने की प्रक्रिया में एस्क्रो अकाउंट के लिए बैंक चयन, नगर निगम की वित्तीय स्थिति का आकलन और क्रेडिट रेटिंग समेत विभिन्न चरण शामिल हैं। निगम इन औपचारिकताओं को तेजी से पूरा कर रहा है, ताकि निर्धारित समय में बांड को बाजार में लाया जा सके। लिस्टिंग के साथ गोरखपुर नगर निगम के लिए यह केवल औपचारिक उपलब्धि नहीं होगी, बल्कि शहर के विकास के लिए पूंजी बाजार से संसाधन जुटाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा।

**80 करोड़ रुपये का बांड, 350 करोड़ की परियोजना पर नजर**

नगर निगम ने 80 करोड़ रुपये के म्युनिसिपल बांड की योजना तैयार की है। इससे जुटाई जाने वाली धनराशि का उपयोग गोलघर अर्बन रिन्यूवल एवं सिटी ग्रोथ हब परियोजना में किया जाना प्रस्तावित है। करीब 314 करोड़ रुपये की पूरी परियोजना में लगभग 211 करोड़ रुपये की लागत से बहुमंजिला व्यावसायिक एवं मनोरंजन परिसर विकसित किया जाना है। चार्टर्ड अकाउंटेंट सौरभ अग्रवाल ने कहा कि म्युनिसिपल बांड के माध्यम से जुटाई गई राशि से इस तरह की शहरी आधारभूत संरचना परियोजनाओं को वित्तीय आधार मिलने की उम्मीद है।

# एसएसपी ने विभाजन पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर/**राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन्स गोरखपुर में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' का भावपूर्ण आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने किया। कार्यक्रम के दौरान भारत विभाजन के उस काले अध्याय को याद किया गया, जिसमें लाखों परिवारों को विस्थापन, असीम पीड़ा और जनहानि का सामना करना पड़ा था। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने त्रासदी के शिकार हुए निर्दोष लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संघर्ष को नमन किया। भारत विभाजन के समय अपनी जान गंवाने वाले और विस्थापन का दर्द झेलने वाले लोगों को याद कर श्रद्धांजलि दी गई। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और आपसी सौहार्द को हर कीमत पर बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक समरसता, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना पुलिस व्यवस्था का प्रमुख दायित्व है। विभाजन की विभीषिका हमें याद दिलाती है कि आपसी सौहार्द और राष्ट्रीय एकता ही किसी देश की सबसे बड़ी ताकत है।



# संपादकीय

## आजादी का अमृत और आम आदमी

देश 79वें स्वतंत्रता दिवस की दहलीज पर खड़ा है। तिरंगा हर तरफ दिखाई दे रहा है, देशभक्ति के गीत वातावरण में गूंज रहे हैं और आजादी के संघर्ष की स्मृतियां फिर से हमारे सामने हैं। इन 79 वर्षों में भारत ने निस्संदेह लंबा सफर तय किया है। कभी खाद्यान्न के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहने वाला देश आज दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। अंतरिक्ष से लेकर डिजिटल तकनीक तक भारत ने अपनी क्षमता का परिचय दिया है। सड़क, रेल, बिजली, बैंकिंग, मोबाइल और इंटरनेट जैसी सुविधाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन को बदला है। लेकिन स्वतंत्रता दिवस केवल उपलब्धियों का उत्सव मनाने का अवसर नहीं है। यह आत्ममंथन का दिन भी है। सवाल यह नहीं कि भारत ने कितनी बड़ी इमारतें बनाईं, कितने किलोमीटर सड़कें बनाई या अर्थव्यवस्था कितनी बड़ी हुई। असली सवाल यह है कि इन उपलब्धियों का लाभ उस सामान्य नागरिक तक कितना पहुंचा, जिसके नाम पर विकास की पूरी राजनीति खड़ी की जाती है? किसी देश की वास्तविक प्रगति का सबसे विश्वसनीय पैमाना उसकी राजधानी के चमकते रास्ते नहीं, बल्कि छोटे शहर के दुकानदार, गांव के किसान, कारखाने के मजदूर, नौकरी तलाशता युवा, बच्चों की पढ़ाई के लिए संघर्ष करता परिवार और बीमारी के समय अस्पताल का खर्च उठाने वाला आम आदमी है। यही वह कसौटी है जिस पर आजादी के 79 वर्षों के सफर को परखना होगा। विकास की चमक और जिंदगी की वास्तविकता भारत में विकास दिखाई देता है। महानगरों में एक्सप्रेसवे हैं, नए हवाई अड्डे हैं, मेट्रो रेल है, डिजिटल भुगतान है और आधुनिक कारोबारी केंद्र हैं। छोटे शहर भी बदल रहे हैं। गांवों में सड़क और बिजली की पहुंच पहले की तुलना में बेहतर हुई है। मोबाइल फोन और इंटरनेट ने सूचना को लगभग हर हाथ तक पहुंचा दिया है। लेकिन विकास की यह तस्वीर पूरी कहानी नहीं है। एक तरफ भारत में तकनीक तेजी से आगे बढ़ रही है और दूसरी तरफ बड़ी संख्या में परिवार आज भी स्थायी और पर्याप्त आय की तलाश में हैं। एक तरफ डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार है और दूसरी तरफ रोजगार की गुणवत्ता, नियमित आमदनी और सामाजिक सुरक्षा की चिंता बनी हुई है। यही विरोधाभास आज के भारत की सबसे बड़ी चुनौती है। देश की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ना महत्वपूर्ण है, लेकिन नागरिक की आर्थिक सुरक्षा उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। अगर किसी परिवार की आय बढ़ती महंगाई के सामने लगातार कमजोर पड़ रही है, अगर शिक्षा और स्वास्थ्य का खर्च उसके बजट को हिला देता है, अगर पढ़ा-लिखा युवा रोजगार के लिए वर्षों इंतजार करता है, तो केवल सकल आर्थिक वृद्धि के आंकड़े उसकी चिंता को समाप्त नहीं कर सकते। आम आदमी के लिए विकास का मतलब क्या है? सरकारों के लिए विकास के अनेक पैमाने हो सकते हैं। सकल घरेलू उत्पाद, औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, विदेशी निवेश, सड़क निर्माण, रेलवे परियोजनाएं और डिजिटल लेन-देन— ये सभी विकास की तस्वीर के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। लेकिन आम आदमी के लिए विकास की परिभाषा कहीं सरल है। उसके लिए विकास का अर्थ है—घर में पर्याप्त आमदनी, बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा, बीमारी में सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज, सुरक्षित रोजगार, सम्मानजनक जीवन, न्याय तक आसान पहुंच और भविष्य को लेकर भरोसा। एक किसान के लिए विकास का अर्थ केवल आधुनिक कृषि तकनीक नहीं, बल्कि उसकी उपज का उचित मूल्य और खेती को टिकाऊ बनाने वाली व्यवस्था भी है। एक मजदूर के लिए विकास का अर्थ केवल औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि नियमित काम, उचित मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा है। एक युवा के लिए विकास का अर्थ केवल स्टार्टअप या डिजिटल इंडिया नहीं, बल्कि अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी या व्यवसाय का वास्तविक अवसर है। एक छोटे व्यापारी के लिए विकास का अर्थ केवल बड़े बाजार नहीं, बल्कि ऐसा कारोबारी वातावरण है जिसमें वह बिना अनावश्यक दबाव के अपना व्यवसाय चला सके। और एक सामान्य परिवार के लिए विकास का सबसे बड़ा अर्थ है—महीने के अंत में घर का बजट न बिगड़े। आजादी के 79 वर्षों में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में एक विशाल युवा आबादी का निर्माण भी है। भारत का युवा वर्ग देश की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है। लेकिन यही युवा वर्ग अगर रोजगार और अवसरों की कमी से निराश होता है तो यही ताकत चुनौती में बदल सकती है। शिक्षा प्राप्त करने के बाद नौकरी की तलाश में वर्षों भटकता युवा केवल अपना समय नहीं खोता, बल्कि उसका आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है। सरकारी नौकरियां सीमित हैं और निजी क्षेत्र में भी हर नौकरी स्थायी सुरक्षा नहीं देती। 79 साल बाद सवाल वही है 79 साल पहले भारत ने विदेशी शासन की बेड़ियां तोड़ी थीं। आज हमारे सामने बेड़ियों का स्वरूप अलग है—गरीबी, बेरोजगारी, असमानता, महंगाई, भ्रष्टाचार, न्याय में देरी, अवसरों की असमानता और व्यवस्था के प्रति नागरिक का अविश्वास। इनसे लड़ाई किसी एक सरकार, दल या विचारधारा की जिम्मेदारी नहीं है। यह पूरे राष्ट्र की जिम्मेदारी है।आज जब हम तिरंगे को सलाम करेंगे तो हमें अपनी उपलब्धियों पर गर्व जरूर करना चाहिए। लेकिन गर्व के साथ आत्ममंथन भी जरूरी है। क्योंकि स्वतंत्रता दिवस का अर्थ केवल यह याद करना नहीं कि हम आजाद हुए थे। इसका अर्थ यह पूछना भी है कि क्या देश का अंतिम नागरिक अपने जीवन में उस आजादी को महसूस कर पा रहा है? भारत ने 79 वर्षों में बहुत कुछ हासिल किया है। अब चुनौती यह है कि विकास की चमक और आम आदमी की जिंदगी के बीच की दूरी कम की जाए। जब देश की आर्थिक प्रगति का लाभ शहर से गांव तक, उद्योग से मजदूर तक, तकनीक से सामान्य नागरिक तक और सरकारी योजना से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा, तभी विकास का दावा वास्तविक अर्थ में सफल माना जाएगा। आजादी का अमृत तभी सार्थक होगा, जब उसका स्वाद देश के हर नागरिक की जिंदगी में महसूस हो। तिरंगा केवल आसमान में ऊंचा न हो—हर भारतीय का जीवन भी सम्मान, अवसर और सुरक्षा के साथ उतना ही ऊंचा उठे। यही स्वतंत्रता के अगले पड़ाव की सबसे बड़ी परीक्षा है।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**

## दैनिक राशिफल

**मेष**-मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन सक्रियता और तेजी से काम पूरा करने वाला हो सकता है। आपकी आक्रामक कार्यशैली कई महत्वपूर्ण कामों को समय से पहले पूरा कराने में मदद करेगी, लेकिन बहुत अधिक कठोर रवैया अपनाने से आसपास के लोगों से दूरी भी बढ़ सकती है।

**वृषभ**-वृषभ राशि के जातकों के लिए आज बदलावों का दिन रह सकता है। पुरानी कार्यप्रणाली या परंपरागत सोच में परिवर्तन करने की आवश्यकता महसूस होगी।

**मिथुन**-मिथुन राशि के जातकों को आज अपनी मेहनत का परिणाम मिलने से संतोष महसूस होगा। लंबे समय से किए जा रहे किसी प्रयास में प्रगति दिखाई दे सकती है।

**कर्क**-कर्क राशि के जातकों के लिए मिल-जुलकर किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। सहयोगियों या परिवार के लोगों के साथ सामंजस्य बनाकर चलेंगे तो कई काम अपेक्षा से जल्दी पूरे हो सकते हैं।

**सिंह**-सिंह राशि के जातकों के लिए आज महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता देकर पूरा करने का समय है। परिस्थितियां आपके पक्ष में रह सकती हैं, इसलिए उपलब्ध अवसरों का समझदारी से उपयोग करना लाभकारी रहेगा।

**कन्या**-कन्या राशि के जातकों के लिए आज छोटी यात्राओं के योग बन सकते हैं। पर्यटन, धार्मिक गतिविधियों या पारिवारिक कारणों से यात्रा करनी पड़ सकती है। आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ समय के लिए ऋण लेने की आवश्यकता महसूस हो सकती है, इसलिए अपनी वित्तीय क्षमता को ध्यान में रखकर ही निर्णय लें।

**तुला**-तुला राशि के जातकों के लिए आज अपनी सुविधाओं और कार्यक्षमता को बेहतर बनाने का समय है। काम करने का वातावरण अनुकूल बनाने से आपकी उत्पादकता बढ़ सकती है।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि के जातकों को आज अपने लक्ष्य पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित रखने की आवश्यकता होगी। एक साथ कई काम हाथ में लेने से आपकी एकाग्रता प्रभावित हो सकती है और महत्वपूर्ण कामों में देरी हो सकती है।

**धनु**-धनु राशि के जातकों के लिए आज राहत देने वाला दिन हो सकता है। लंबे समय से चली आ रही कुछ परेशानियों का समाधान मिलने की संभावना है और आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत दिखाई दे सकते हैं।

**मकर**-मकर राशि के जातकों को आज कामकाज में विशेष सतर्कता बरतनी होगी। पुराने सहयोगियों या साथ काम करने वाले लोगों पर आवश्यकता से अधिक भरोसा करने से बचना उचित रहेगा।

**कुंभ**-कुंभ राशि के जातकों के लिए आज जिम्मेदारियों को पूरा करने में समय और संसाधन दोनों खर्च हो सकते हैं। कई काम एक साथ सामने आने के कारण व्यस्तता बढ़ेगी, लेकिन योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर आप सभी जिम्मेदारियों को संभाल पाएंगे।

**मीन**-मीन राशि के जातकों को आज न्यायालय या विवाद से जुड़े मामलों में विशेष सावधानी रखनी होगी। किसी कानूनी विषय में अपना पक्ष मजबूती से रखने के लिए पहले से पूरी तैयारी करना जरूरी होगा।

# इफको फूलपुर: कृषि उत्कृष्टता को प्रेरित करना, भारत के भविष्य को मजबूत करना



इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) एक प्रमुख बहु-राज्य सहकारी संस्था है जिसकी स्थापना 1967 में 57 सहकारी समितियों द्वारा भारतीय कृषि को मजबूत करने, किसानों की समृद्धि बढ़ाने और देश की खाद्य सुरक्षा में योगदान करने के मिशन के साथ की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में, इफको दुनिया के सबसे बड़े सहकारी संगठनों में से एक के रूप में विकसित हुआ है, जो देश भर में 35,600 से अधिक सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक किसानों की सेवा कर रहा है।लगभग छह दशकों से, इफको ने गुणवत्तापूर्ण उर्वरक वितरित करके, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर कृषि उत्पादकता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, इफको ने नैनो उर्वरकों के विकास का बीड़ा उठाया है, जिसमें नैनो यूरिया (तरल), नैनो डीएपी (तरल) और नैनो एनपीके (दानेदार ) के साथ-साथ नैनो एनपीके (तरल) जैसे क्रांतिकारी उत्पाद पेश किए गए हैं। ये अत्याधुनिक उर्वरक पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता को बढ़ाते हैं, पारंपरिक उर्वरकों की खपत को कम करते हैं, कृषि के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हैं और टिकाऊ फसल उत्पादन का समर्थन करते हैं। इफको का नैनो तरल उर्वरक, केवल 20-50 नैनोमीटर के कणों के आकार के साथ, पत्तेदार स्प्रे या मिट्टी के अनुप्रयोग के माध्यम से सीधे पौधे के तनों और जड़ों में प्रवेश करता है। फसलें तुरंत 80-90 प्रतिशत पोषक तत्वों को अवशोषित कर लेती हैं, जिससे विकास, क्लोरोफिल सामग्री और प्रकाश संश्लेषण को 20-30 प्रतिशत तक बढ़ाया जाता है, जैसा कि 13 राज्यों में 15,000 से अधिक किसान परीक्षणों में यह साबित हुआ है। पिछले साल भारत में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये के आयातित उर्वरकों की खपत हुई थी, इफको नैनो उर्वरक के उपयुक्त उपयोग और अनुप्रयोग में हमारे विदेशी भंडार की रक्षा करने और आयातित उर्वरकों पर देश की निर्भरता को कम करने की क्षमता है। इफको ने अपने नैनो उर्वरकों को दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका और उत्तरी अमेरिका के देशों में निर्यात करके उनकी वैश्विक पहुंच का विस्तार किया है। हाल ही में, कंपनी को कोलंबिया को नैनो उर्वरकों के निर्यात के लिए आवश्यक नियामक अनुमोदन प्राप्त हुआ, जिससे इसकी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति और मजबूत हुई। अपने उत्पादों के निर्यात के अलावा, इफको अपनी पेटेंट की गई नैनो उर्वरक तकनीक को भागीदार देशों के साथ भी साझा कर रहा है, जिससे दुनिया भर के किसान टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने और अभिनव और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों के माध्यम से फसल उत्पादकता में सुधार करने में सक्षम हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं माननीय श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में, सहकारिता मंत्रालय ने स्थापना के गौरवशाली 5 वर्ष पूरे किए हैं। इफको 'सहकार से समृद्धि', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'आत्मनिर्भर कृषि' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है। 'समृद्ध किसान, समृद्ध राष्ट्र' की सहकारी भावना से निर्देशित, इफको सहकारी आंदोलन को मजबूत करने और पूरे भारत में लाखों किसानों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना जारी रखे हुए है। गुणवत्तापूर्ण कृषि इनपुट प्रदान करके, नवीन तकनीकों को अपनाकर और किसान-केंद्रित पहलों को लागू करके, इफको फसल उत्पादकता में सुधार करने में मदद करता है, ग्रामीण विकास का समर्थन करता है और भारत की खाद्य सुरक्षा और कृषि आत्मनिर्भरता में योगदान देता है।वर्ष 2025-26 में, इफको ने पूरे भारत में अपनी पांच अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाओं से लगभग 91 लाख मीट्रिक टन पारंपरिक उर्वरकों का उत्पादन किया, जो देश के फॉस्फेटिक उर्वरकों में लगभग 27 प्रतिशत और नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों में 20 प्रतिशत का योगदान देता है। पिछले साल इफको उर्वरक की बिक्री 121 लाख मीट्रिक टन से अधिक पारंपरिक उर्वरकों की थी।इफको के व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो - जिसमें नाइट्रोजन, फॉस्फेटिक, जैव उर्वरक, पानी में घुलनशील विशेष उत्पाद नैनो उर्वरक ने कृषि उत्पादकता और स्थिरता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले वित्तीय वर्ष में नैनो उर्वरक की बिक्री 288 लाख बोतलों की हुई थी। इफको की इंडियन पोटाश लिमिटेड में 34 प्रतिशत हिस्सेदारी है जो भारत सरकार के लिए रणनीतिक महत्व रखता है। आईपीएल भारत की अग्रणी उर्वरक कंपनियों में से एक और देश के खाद्य सुरक्षा मिशन में एक प्रमुख भागीदार के रूप में विकसित हुआ है। इफको फूलपुर इकाई में 1981 से यूरिया का व्यावसायिक उत्पादन किया गया था और तब से इफको फूलपुर इकाई भारत के उर्वरक पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, यूनिट ने 19.47 लाख मीट्रिक टन से अधिक नीम लेपित यूरिया का उत्पादन किया। स्थापना के बाद से, फूलपुर इकाई ने 548.5 लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया उर्वरक का उत्पादन किया है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। अब तक, फूलपुर इकाई ने नैनो यूरिया प्लस लिक्विड की 244.8 लाख बोतलें और नैनो डीएपी लिक्विड की 12.1 लाख बोतलें (प्रत्येक 500 मिलीलीटर) का उत्पादन किया है। कुल मिलाकर, ये लगभग 11.5 लाख मीट्रिक टन पारंपरिक उर्वरकों के बराबर हैं, जो टिकाऊ कृषि में इफको फूलपुर के महत्वपूर्ण योगदान और अगली पीढ़ी की उर्वरक प्रौद्योगिकियों में इसके नेतृत्व को उजागर करते हैं। उर्वरक विभाग, भारत सरकार द्वारा संशोधित ऊर्जा मानदंडों के कार्यान्वयन के साथ, परिचालन विश्वसनीयता बढ़ाना और ऊर्जा दक्षता में सुधार करना उर्वरक विनिर्माण इकाइयों के लिए महत्वपूर्ण प्राथमिकताएं बन गई हैं। फूलपुर-I के लिए नए ऊर्जा मानकों को 6.5 गीगा कैलोरी/मैट्रिक टन से घटाकर 6.278 गीगा कैलोरी/मैट्रिक टन और फूलपुर-II में 5.5 गीगा कैलोरी/मैट्रिक टन से घटाकर 5.376 गीगा कैलोरी/मैट्रिक टन कर दिया गया है। नीति में इस एकल बदलाव के साथ; इससे लगभग 110 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रभाव पड़ेगा। अप्रैल 2025 में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय अधिनियम के दिशानिर्देशों के तहत, भारत का पहला राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय (TSU) गुजरात के आनंद में स्थापित किया गया है। जिसका लक्ष्य सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करने एवं सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए कुशल कार्यबल का निर्माण करना है। नवाचार इफको के दृष्टिकोण के केंद्र में रहता है। एआई-संचालित किसान ड्रोन ने नैनो उर्वरकों के अनुप्रयोग में सटीकता का एक नया स्तर पेश किया है, जो एक समान छिड़काव सुनिश्चित करता है, पोषक तत्वों के उपयोग दक्षता में सुधार करता है, लागत को कम करता है और कृषि उत्पादकता में वृद्धि करता है। साथ ही, प्रौद्योगिकी ग्रामीण युवाओं और उद्यमियों के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा कर रही है। इफको महिलाओं को ड्रोन संचालन और रखरखाव में प्रशिक्षित करके भारत सरकार की नमो ड्रोन दीदी पहल का भी समर्थन कर रहा है, जिससे वे कृषि क्षेत्र में कुशल सेवा प्रदाता और उद्यमी बन सकें। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में आय के स्थायी स्रोत बनाते हुए आधुनिक खेती में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में मदद कर रही है। इफको फूलपुर इकाई को उत्पादन, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा में उत्कृष्टता के लिए लगातार प्रशंसा मिली है। कैलेंडर वर्ष में प्राप्त उल्लेखनीय पुरस्कारों में शामिल हैः ष्इफको फूलपुर ने 2025 के दौरान अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए ब्रिटिश सुरक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 2026 में प्रतिष्ठित 'डिस्टिंक्शन अवार्ड' प्राप्त करके वैश्विक मान्यता प्राप्त की है। पुरस्कार समारोह 21 मई 2026 को मुंबई में आयोजित किया गया था। इफको फूलपुर इकाई को 'ग्रो केयर इंडिया एनवायरनमेंट एक्सीलेंस अवार्ड्स - 2025' के लिए उर्वरक क्षेत्र में स्वर्ण पुरस्कार मिला है। इस पुरस्कार को 17 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। इफको फूलपुर इकाई को ग्रो केयर इंडिया पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 के उर्वरक क्षेत्र में स्वर्ण पुरस्कार मिला है। इस पुरस्कार को 17 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। इफको का यह मानना है कि असली सफलता ग्रामीण भारत की प्रगति और कल्याण में निहित है। कॉर्डेट (कोआपरेटिव रूरल डेवलपमेंट ट्रट) एवं यहाँ स्थापित मोतीलाल नेहरू किसान प्रशिक्षण संस्थान किसानों को आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में प्रशिक्षण प्रदान करता है। इफको फूलपुर इकाई स्थानीय समुदायों से प्राप्त नीम के बीज का उपयोग करके नीम लेपित यूरिया ,जैव-उर्वरक और नीम के तेल का भी उत्पादन करती है, जिससे स्थायी कृषि और ग्रामीण आजीविका दोनों का समर्थन होता है। इफको फूलपुर इकाई केंद्रीय विद्यालय कल्याण कार्यक्रम, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आईआरडीपी), महिला चेतना क्लब और ओम कल्याण समिति जैसी पहलों के माध्यम से सामुदायिक विकास में सक्रिय रूप से योगदान देती है। ये कार्यक्रम स्वच्छता सुविधाएं, सुरक्षित पेयजल, सौर प्रकाश, स्वास्थ्य सेवाएं, शैक्षिक सहायता और आवश्यक आपूर्ति का वितरण प्रदान करके आस-पास के गांवों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

# विभाजन की विभीषिका को स्मरण कर एकता का संकल्प



**(आदर अदीब पावेल बन्धु)**
**जिला सूचना अधिकारी**

भारत के इतिहास में स्वतंत्रता का क्षण जितना गौरवपूर्ण था, उसके साथ जुड़ी विभाजन की त्रासदी उतनी ही पीड़ादायक थी। 15 अगस्त 1947 को देश ने पराधीनता की बेड़ियां तोड़कर स्वतंत्रता का सूर्य देखा, लेकिन इसी कालखंड में लाखों लोगों ने अपने घर, परिवार, संपत्ति और जन्मभूमि से बिछुड़ने का असहनीय दर्द भी झेला। विभाजन केवल भारत के भूगोल का बंटवारा नहीं था, बल्कि यह करोड़ों मनुष्यों की भावनाओं, स्मृतियों और जीवन की दिशा को बदल देने वाली ऐतिहासिक त्रासदी थी। विभाजन के दौरान लाखों लोगों को अपना घर-बार छोड़कर अनजान स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा। अनेक परिवार अपनों से बिछड़ गए, असंख्य लोगों ने अपने प्राण गंवाए और बड़ी संख्या में लोगों ने वर्षों तक विस्थापन की पीड़ा को अपने हृदय में संजोए रखा। यह पीड़ा केवल उस पीढ़ी तक सीमित नहीं रही, बल्कि उनकी स्मृतियों और अनुभवों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों तक पहुंची। इसलिए विभाजन की विभीषिका को स्मरण करना इतिहास के एक दुखद अध्याय को दोहराना नहीं, बल्कि उससे सीख लेकर भविष्य को सुरक्षित और बेहतर बनाने का संकल्प लेना है। इसी भाव और संवेदना के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विभाजन की त्रासदी में अपने प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देना, विस्थापन का दंश झेलने वाले परिवारों के संघर्ष और साहस को सम्मान देना तथा नई पीढ़ी को उस दौर की पीड़ा से परिचित कराना है। यह दिवस राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के महत्व को भी रेखांकित करता है। इस अवसर पर लखनऊ में सरदार पटेल पार्क में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर विभाजन की विभीषिका में पीड़ित हुए लोगों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दोनों उपमुख्यमंत्रियों तथा मंत्रिमंडल के सदस्यों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात सरदार पटेल पार्क से लोकभवन तक मौन यात्रा निकाली गई। मौन यात्रा उस पीड़ा के प्रति संवेदना की अभिव्यक्ति थी, जिसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं। यह मौन उन लाखों लोगों की स्मृतियों के सम्मान के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक बना। सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अपना विशेष महत्व है। भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान अतुलनीय रहा। उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से देश को एकता के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। ऐसे महान राष्ट्रनायक की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि और उसके बाद निकली मौन यात्रा ने विभाजन की पीड़ा और राष्ट्रीय एकता के संकल्प को एक साथ जोड़ दिया। मौन यात्रा के पश्चात लोकभवन के सभागार में विभाजन की त्रासदी से प्रभावित विभिन्न धर्मों के लोगों ने अपने जीवन की पीड़ादायक स्मृतियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विभाजन के दौरान उन्हें अपने घरों, परिचित परिवेश और प्रियजनों से बिछड़ना पड़ा। उनके अनुभवों में पीड़ा भी थी, संघर्ष भी था और विपरीत परिस्थितियों में जीवन को फिर से खड़ा करने का अदम्य साहस भी। सभागार में साझा की गईं ये आपबीती केवल व्यक्तिगत कहानियां नहीं थीं, बल्कि इतिहास के उस दौर की जीवंत स्मृतियां थीं, जिन्होंने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाजन पीड़ितों की आपबीती को संवेदनशीलता के साथ सुना और उनका सम्मान किया। विभाजन की पीड़ा झेलने वाले लोगों को सम्मानित करना उस पीढ़ी के साहस, धैर्य और संघर्ष को नमन करना है, जिसने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने जीवन को पुन: स्थापित किया और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके अनुभव यह बताते हैं कि मनुष्य का साहस किसी भी विपदा से बड़ा होता है और राष्ट्र की चेतना किसी भी त्रासदी के बाद पुन: उठ खड़ी होने की क्षमता रखती है। विभाजन की त्रासदी से पीड़ित विभिन्न धर्मों के लोगों का एक मंच पर अपनी पीड़ा साझा करना भारतीय समाज की उस सांस्कृतिक शक्ति का भी प्रतीक है, जिसमें विविधता के बावजूद एकता और मानवीय संवेदना सर्वोपरि है। विभाजन ने लोगों को बांटा था, लेकिन समय ने यह भी सिद्ध किया कि भारत की आत्मा को स्थायी रूप से विभाजित नहीं किया जा सकता। पीड़ितों की स्मृतियों को सम्मान देना इसी मानवीय एकता का संदेश देता है।वर्तमान सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि इतिहास के इस पीड़ादायक अध्याय को विस्मृत नहीं होने दिया जा रहा है। स्मृति दिवस के माध्यम से युवा पीढ़ी को यह समझने का अवसर मिलता है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द कितने महत्वपूर्ण हैं। इतिहास की गलतियों से सीख लेकर ही एक ऐसा भविष्य बनाया जा सकता है, जहां समाज में अविश्वास और वैमनस्य के लिए कोई स्थान न हो।विभाजन की पीड़ा हमें यह भी सिखाती है कि राष्ट्र की शक्ति केवल उसकी सीमाओं में नहीं, बल्कि नागरिकों के बीच विश्वास, सद्भाव और एकता में निहित होती है। भारत की विविधता उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत है। अलग-अलग धर्मों, भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के लोग जब राष्ट्रहित के एक सूत्र में बंधते हैं, तभी भारत की वास्तविक शक्ति प्रकट होती है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम इसी व्यापक संदेश को सामने रखता है कि अतीत की पीड़ा को स्मरण करते हुए वर्तमान को सजग और भविष्य को सुरक्षित बनाया जाए। सरदार पटेल पार्क में पुष्पांजलि, लोकभवन तक मौन यात्रा और विभाजन पीड़ितों की आपबीती सुनना—इन सभी गतिविधियों ने मिलकर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को संवेदना, श्रद्धा और राष्ट्रीय संकल्प का स्वरूप प्रदान किया। विभाजन की विभीषिका का दर्द हमारे इतिहास का ऐसा अध्याय है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता और न ही भुलाया जाना चाहिए। लेकिन इस दर्द को स्मरण करने का उद्देश्य नफरत को जन्म देना नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना होना चाहिए। विभाजन पीड़ितों के संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा लेकर हमें ऐसा भारत बनाने का संकल्प लेना होगा, जहां हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और राष्ट्र की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा महसूस करे। आज आवश्यकता है कि हम विभाजन की स्मृतियों को संजोते हुए उनसे एकता का संदेश ग्रहण करें। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि इतिहास की पीड़ा से सीख लेकर भविष्य की राह प्रशस्त की जाए। उन सभी ज्ञात-अज्ञात लोगों को नमन, जिन्होंने विभाजन की त्रासदी में अपने प्राण गंवाए, अपने घर खोए और विस्थापन का दर्द सहा। उनकी स्मृतियां हमारी राष्ट्रीय चेतना को सदैव यह संदेश देती रहें कि भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है।

# दांतों का पीलापन : बेकिंग सोडा से नींबू तक, जानिए किसका है फायदा और किससे हो सकता है नुकसान

नई दिल्ली । सफेद और चमकदार दांत हर किसी को अच्छे लगते हैं। हंसते समय साफ दांत चेहरे की खूबसूरती बढ़ाते हैं और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। यही वजह है कि आजकल सोशल मीडिया पर दांतों को जल्दी सफेद करने के कई घरेलू तरीके बताए जाते हैं। कोई बेकिंग सोडा से दांत साफ करने की सलाह देता है, तो कोई नींबू, हल्दी या सिरके का इस्तेमाल करने की बात करता है। कई वीडियो में तो यह तक दावा किया जाता है कि कुछ ही मिनटों में दांतों का पीलापन दूर किया जा सकता है। लेकिन दांतों का रंग बदलना इतना आसान नहीं होता। कुछ घरेलू चीजें दांतों के ऊपर जमा हल्के दाग को थोड़ी देर के लिए कम कर सकती हैं, लेकिन इससे दांत अंदर से सफेद नहीं होते। इसलिए दांतों को सफेद करने से पहले यह समझना जरूरी है कि उनका रंग क्यों बदलता है और अलग-अलग घरेलू चीजें दांतों पर क्या असर डालती हैं। दांतों के पीले दिखने की सबसे आम वजह खाने-पीने की चीजें हो सकती हैं। चाय, कॉफी, तंबाकू और कार्बोनेटेड पेय पदार्थों में मौजूद वर्णक दांतों की इनेमल सतह पर चिपक जाते हैं। नियमित रूप से मुंह और दांतों की उचित स्वच्छता न अपनाने पर यह वर्णक स्थायी रूप से पीले या भूरे दागों में बदल जाते हैं। उम्र बढ़ने के साथ भी दांतों का रंग बदलना सामान्य है। दांतों के बाहर एक मजबूत परत होती है, जिसे इनेमल कहते हैं। समय के साथ यह परत थोड़ी पतली हो जाती है। इसके नीचे डेंटिन नाम की परत होती है, जिसका रंग प्राकृतिक रूप से हल्का पीला होता है। इनेमल पतला होने पर डेंटिन ज्यादा दिखाई देता है और दांत पीले लग सकते हैं। ऐसी स्थिति में सिर्फ ऊपर से दाग साफ करने से दांत पूरी तरह सफेद नहीं होते। बात करें अगर बेकिंग सोडा की, तो बेकिंग सोडा दांतों को साफ करने वाले कई टूथपेस्ट में भी इस्तेमाल होता है। यह दांतों की सतह पर मौजूद कुछ दागों को हल्के तरीके से हटाने में मदद करता है, लेकिन दांत का प्राकृतिक रंग नहीं बदलता। कई लोग बेकिंग सोडा लेकर उसे बार-बार और जोर से दांतों पर रगड़ने लगते है। ज्यादा रगड़ने से दांतों की बाहरी परत घिस सकती है। इससे दांतों में ठंडा-गरम लगने की परेशानी यानी संवेदनशीलता बढ़ जाती है। इसलिए बेकिंग सोडा को दांत सफेद करने का चमत्कारी घरेलू उपाय समझना सही नहीं है।वहीं नींबू और सिरका दांतों के लिए नुकसानदायक हो सकते है। नींबू और सिरका खट्टे होते हैं। इनमें मौजूद एसिड दांतों की बाहरी परत को धीरे-धीरे कमजोर करता है। अगर कोई व्यक्ति इन्हें बार-बार दांतों पर लगाता है या इनसे दांत रगड़ता है, तो इनेमल को नुकसान पहुंच सकता है। इनेमल खराब होने के बाद वह पहले जैसा वापस नहीं बन पाता। इसके कमजोर होने पर दांतों में झनझनाहट की परेशानी हो सकती है। साथ ही नीचे मौजूद पीली परत ज्यादा दिखाई देने लगती है। दांत सफेद करने के चक्कर में उल्टा उनका पीलापन ज्यादा नजर आ सकता है।

दांतों को सफेद रखने के लिए कई वैज्ञानिक तरीके मौजूद है। दांतों को सफेद करने वाले कई वैज्ञानिक प्रोडक्ट्स में पेरोक्साइड नाम का पदार्थ इस्तेमाल होता है। यह दांतों में मौजूद उन कणों पर असर करता है, जिनकी वजह से दांत पीले दिखाई देते हैं। यह इन कणों को छोटे हिस्सों में तोड़ने में मदद करता है।बाजार में मिलने वाले सही तरीके से बने व्हाइटनिंग स्ट्रिप्स और जैल धीरे-धीरे असर दिखा सकते हैं। वहीं, डेंटिस्ट की देखरेख में होने वाली व्हाइटनिंग आमतौर पर ज्यादा सुरक्षित और बेहतर तरीके से की जाती है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए 24 अगस्त तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण कमलेश कुमार बौद्ध ने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु पात्र लाभार्थी विभागीय पोर्टल पर आनलाइन आवेदन 14 अगस्त से 24 अगस्त तक कर सकते है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत खारे जल में तालाब निर्माण एवं निवेश के लिए 33.93 हेक्टेयर क्षेत्र, जिसमें सामान्य, महिला एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लाभार्थी शामिल हैं, के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त मध्याकार आरएएस में 3 यूनिट (सामान्य वर्ग) एवं रियरिंग यूनिट, महिला एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 22.667 हेक्टेयर, बैकयार्ड आरएएस की 241 यूनिट महिला वर्ग तथा 500 यूनिट पारंपरिक मछुआरा परिवारों के लिए आजीविका एवं पोषण संबंधी सहायता योजनाओं का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को मत्स्य पालन से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार लाभ प्रदान किया जाएगा। इच्छुक लाभार्थी विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया है कि योजनाओं से संबंधित परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया तथा आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेखों की विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मत्स्य विभाग के जनपदीय एवं मण्डलीय कार्यालय से भी कार्यदिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने पात्र एवं इच्छुक लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि 24 अगस्त से पहले ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं।

## राजकीय आईटीआई में 17 अगस्त को लगेगा रोजगार मेला

**प्रतापगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापगढ़ में 17 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में न्यूवेन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड बड़ोदरा गुजरात की कम्पनी अपना प्लेसमेन्ट ड्राइव की प्रक्रिया पूर्ण करेगी। कम्पनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 130 अप्रेन्टिस की रिक्तियां उपलब्ध होगी। कैम्पस इन्टरव्यू के अन्तर्गत फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रानिक मैकेनिक, वायरमैन के उत्तीर्ण कर चुके/अपेयरिंग प्रशिक्षार्थियों की आवश्यकता है। विस्तृत जानकारी के लिये संस्थान के कैम्पस सेल प्रभारी सौरभ शुक्ला मोबाइल नम्बर 7011251675 (टीपीओ) से सम्पर्क कर सकते है।

## साइबर ठग गिरोह का साइबर क्राइम पुलिस ने किया पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** पीड़ित निवासी 39 पल्टन बाजार, थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना प्रतापगढ़ पर लिखित तहरीर दी गई कि अज्ञात जालसाजों द्वारा पार्सल डिलीवरी के नाम पर उन्हें झांसे में लेकर एक विशेष कोड डायल करवाया गया, जिसके फलस्वरूप उनके मोबाइल नंबरों पर कॉल फॉरवर्डिंग सक्रिय हो गई। इसके बाद साइबर अपराधियों द्वारा उनके दोनों मोबाइल नंबरों के व्हाट्सएप अकाउंट पर अवैध रूप से नियंत्रण प्राप्त कर उनके रिश्तेदारों एवं परिचितों से धोखाधड़ी की गई। अभियोग के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा अपराध में प्रयुक्त बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, यूपीआई आईडी एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों को ट्रेस किया गया। जिससे अभियुक्तगण अमित कुमार पुत्र स्व0 केदार राम, उम्र करीब 20 वर्ष, लालटुश कुमार पुत्र चन्द्रिका यादव उर्फ चाँद व सोनू कुमार पुत्र रामचन्द्र उर्फ मुन्नाराम निवासीगण ग्राम नसरतपुर, थाना बरबीघा, जनपद शेखपुरा, बिहार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं तकनीकी जांच से प्रकाश में आया कि उक्त गिरोह द्वारा इंटरनेट एवं गूगल सर्च के माध्यम से संभावित पीड़ितों के नाम, पते एवं मोबाइल नंबरों से संबंधित जानकारी एकत्र की जाती थी। इसके बाद गिरोह के सदस्य फर्जी/अन्य सिमकार्ड से पीड़ितों को कॉल कर स्वयं को कूरियर अथवा पार्सल सर्विस का प्रतिनिधि बताते थे तथा पार्सल डिलीवरी अथवा पता सत्यापन के नाम पर पीड़ित को कॉल फॉरवर्डिंग एक्टिवेट करने के लिए कहते थे।

# एक माह से सचिव विहीन कटेहरी बसंतपुर क्लस्टर, ग्रामीण बेहाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कटेहरी (अम्बेडकरनगर):** विकासखंड कटेहरी के बसंतपुर क्लस्टर में प्रशासनिक लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। पिछले एक महीने से अधिक समय से यहां किसी सचिव की तैनाती नहीं हुई है। इस गंभीर लापरवाही के कारण क्लस्टर के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम सभाओं के विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। सबसे बड़ी मार उन आम नागरिकों पर पड़ रही है जो अपने जरूरी दस्तावेजों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।

**21 दिन की समयसीमा बीती, अब तहसील की दौड़ लगाने को मजबूर जनता**

नियम के मुताबिक, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदन के 21 दिनों के भीतर ब्लॉक स्तर पर आसानी से बन जाने चाहिए। सचिव न होने के कारण यह समयसीमा पार हो चुकी है। अब नियमों के फेर में फंसी जनता को इन प्रमाण पत्रों के लिए तहसील के चक्कर काटने पड़ेंगे। जो काम गांव और ब्लॉक स्तर पर आसानी से हो सकता था, वह अफसरों की सुस्ती के कारण अब आम जनता के लिए भारी मुसीबत बन गया है।

**डीपीआरओ के खोखले आश्वासन, 15 दिनों से सिर्फ मिल रही 'तारीख पर तारीख'**

इस गंभीर समस्या को लेकर जब जिला पंचायत राज अधिकारी (DPRO) से संपर्क किया गया, तो पिछले 15 दिनों से सिर्फ खोखले आश्वासन ही मिल रहे हैं। डीपीआरओ हर बार फोन पर यही रटा-रटाया जवाब देते हैं कि 'आज काम हो जाएगा' या 'कल सचिव की तैनाती कर दी जाएगी'। लेकिन हकीकत यह है कि आज तक बसंतपुर क्लस्टर को कोई सचिव नहीं मिला है।अफसरों के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जनता का सीधा सवाल है कि आखिर अधिकारियों की इस सुस्ती और लापरवाही की सजा आम नागरिक क्यों भुगते?

# नहीं हो सकी बजट को लेकर बुलाई गई पालिका की बोर्ड बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पहली ही बैठक से मायूस लौटे नामित सभासद, परिचय भी नहीं हो सका**

**कोंच(जालौन)- नगरपालिका कोंच में शासन द्वारा नामित किए गए सभासद सुनील शर्मा, कृष्णा झा, अरविंद निरंजन मुनिया, नरेश वर्मा शुक्रवार को पहली बार बोर्ड बैठक में शामिल होने के लिए बड़े ही उत्साह के साथ नगरपालिका में पहुंचे थे लेकिन बैठक स्थगित हो जाने के कारण उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। यहां तक कि बोर्ड मैंबरों से उनका परिचय तक नहीं हो सका जबकि उन लोगों के स्वागत सत्कार के पूरे इंतजाम किए गए थे।**

**कोंच(जालौन)-** नगरपालिका परिषद कोंच के इतिहास में शायद ऐसा पहली बार हो रहा हो कि छह महीने तक बोर्ड बैठक ही नहीं हो पाई और जैसे तैसे 14 अगस्त को बोर्ड बैठक बुलाई भी गई थी तो पालिका अध्यक्ष के मौजूद नहीं होने के कारण इसे स्थगित करनी पड़ी। पालिका के इतिहास में यह भी लिखा जाएगा कि बिना बजट पास कराए कैसे नगरपालिका के काम-धाम चलते रहे। हैरान करने वाली बात यह भी है कि छह महीने तक बोर्ड बैठक नहीं हो पाने का ठीकरा भी ईओ ने पालिकाध्यक्ष के सिर मढ़ने की कोशिश की है।

पालिका बोर्ड की शुक्रवार 14 अगस्त को बुलाई गई बजट बैठक स्थगित कर दी गई। बैठक नहीं हो पाने की वजह ईओ मोनिका उमराव द्वारा पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता का मौजूद नहीं होना बताया गया। मीडिया के इस सवाल पर कि छह महीने से बोर्ड बैठक क्यों नहीं हो पा रही है तो इसके जवाब में ईओ ने यह कहकर कि ये तो अध्यक्ष जी ही बता पाएंगे, सारा ठीकरा अध्यक्ष के सिर पर फोड़ने की कोशिश की। बता दें कि 7 फरवरी 2026 को पालिका की 9वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई थी जिसमें ईओ की कार्यशैली को सवालों के घेरे में लाते हुए बोर्ड ने उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया था और उसे बाकायदा प्रोसीडिंग्स में लिखा भी गया था जिसे लेकर असहज हुई ईओ मोनिका उमराव डैमेज कंट्रोल में जुट गई थीं। मार्च या अप्रैल में पालिका की बजट बैठक हो जानी चाहिए थी लेकिन ईओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव वाली बोर्ड बैठक ने सब गुड़ गोबर कर डाला। उस बैठक को शून्य घोषित कराने की लंबी चली कवायद के बाद हालांकि उक्त बैठक को अपर जिलाधिकारी के आदेश पर शून्य घोषित कर दिया गया लेकिन इस चक्कर में छह महीने तक बोर्ड बैठक नहीं हो सकी।

# शमशाद मार्केट में टिफिन को लेकर दुकान पर हमला, 20-25 लोगों ने घेरकर की मारपीट

**अलीगढ़।** सिविल लाइंस क्षेत्र के शमशाद मार्केट में दुकान पर कई लोगों के हमला करने और मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में बड़ी संख्या में लोग एक दुकान पर हमला करते और दुकानदार व उसके परिवार के सदस्यों से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। मौके पर पुलिस भी थी लेकिन हमलावर नहीं रुके। अब मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। शमशाद मार्केट में फैजान बहादुर के परिवार की तीन दुकानें हैं। इनमें जनरल स्टोर, गारमेंट्स और टॉय की दुकान शामिल हैं। आलमबाग क्षेत्र का एक युवक अंडे बेचने का काम करता है। उसने फैजान की दुकान पर दो दिन पहले अपना टिफिन रख दिया था। बाद में टिफिन गायब होने को लेकर युवक की दुकानदार से कहासुनी हो गई। फैजान के अनुसार, युवक उसी दिन अपना टिफिन वापस ले गया था और इसके बाद कोई विवाद नहीं हुआ। आरोप है कि गुरुवार की रात युवक अपने परिवार के करीब 20-25 लोगों को लेकर दुकान पर पहुंच गया। इसके बाद वहां मारपीट शुरू हो गई। फैजान का कहना है कि आरोपितों ने पुलिस की मौजूदगी में भी मारपीट की। उसके छह साथियों को घेरकर पीटा।

# भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और महात्मा गांधी की झांकी के साथ निकली तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



